卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ।

केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 33 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦9 नवम्बर 2022 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in


# स्कूलों में पढ़ाया जाएगा राज्य आंदोलन का इतिहास: धामी

## प्रदेश भर में धूमधाम से मना राज्य स्थापना दिवस,राज्य आंदोलनकारी हुए सम्मानित,पीएम मोदी ने भी दी बधाई

देहरादून/रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राज्य स्थापना की 22वीं वर्षगांठ प्रदेश भर में धूमधाम से मनायी गयी। इस मौके पर विधानसभा, राजभवन, मुख्यमंत्री आवास, सचिवालय व तमाम शासकीय कार्यालयों को प्रकाशमय किया गया। इसके साथ ही राज्य स्थापना दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गये। राज्य स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी उत्तराखंडवासियों को शुभकामनाएं दी।बुधवार सुबह स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सबसे पहले कचहरी स्थित शहीद स्मारक स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने शहीदों को नमन किया। इसके बाद सीएम धामी देहरादून पुलिस लाइन पहुंचकर रैतिक परेड में शामिल हुए। वहीं राज्यपाल ले.जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) रैतिक परेड की सलामी ली। राज्यपाल गुरमीत सिंह, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने भी





परेड का निरीक्षण किया। सारे जहां से अच्छा... की धुन पर परेड कमांडर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर ने परेड की अगुवाई की। परेड में पीएसी महिला व पुरूष का दल, आइआरबी, बम निरोधक दस्ता, पुलिस संचार, मॉर्डन कंट्रोल रूम, नभ नेत्र, डॉग स्कायड, फायर ब्रिगेड, सीपीयू व ड्रोन ने हिस्सा लिया। इस दौरान राज्यपाल ने पुलिस अधिकारियों को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के तहत 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का होगा। हम उत्तराखंड को 2025 तक देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की सरकार सुरक्षित पर्यटन की ओर लगातार काम कर रही है। इस साल चारधाम यात्रा में भी रिकॉर्ड यात्री आए हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बड़ी घोषणा की उन्होंने कहा कि उत्तराखंड आंदोलन के इतिहास को पाठ्य पुस्तकों में शामिल किया जाएगा। वहीं उत्तराखंड में जल्द 19000 पदों पर भर्ती होगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड के युवा हमारा भविष्य हैं। इसीलिए हमने युवाओं के साथ धोखा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। भर्तियों में घोटाला करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वर्तमान में जारी भर्ती कैलेंडर के मुताबिक, सात हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया गतिमान है। हमारी सरकार राज्य में खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन देने के लिए नई खेल नीति लाई है। 8 से 14 वर्ष के उभरते खिलाड़ियों को 1500 रुपये प्रतिमाह खेल छात्रवृत्ति भी दी जा रही है। भ्रष्टाचार पर रोक लगाने को भ्रष्टाचार मुक्त एप-1064 लांच किया गया है। राज्य के वीरता पदक से सम्मानित सैनिकों को देय एकमुश्त अनुदान में भी वृद्धि की गई है।राज्य स्थापना दिवस पर राज्यपाल ने जनता से दो संकल्प मांगे। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें और उत्तराखंड को स्वच्छता का रोल मॉडल बनाना है। हर घाट गली और गांव को साफ रखना है। इसके लिए सभी को साथ आना होगा। समारोह में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, देश के पहले चीफ आफ डिफेंस (शेष पृष्ठ सात पर)







# भूकम्प के झटकों से दहशत में लोग

देहरादून(उद संवाददाता)। मंगलवार देर रात प्रदेश में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। जिसके बाद से लोग दहशत में हैं। देर रात के बाद सुबह करीब 6 .27 बजे पिथौरागढ़ में भूकंप के



झटके महसूस किए गए। इसकी तीव्रता 4.3 मैग्नीट्यूड रही। भूकंप से प्रदेश में नुकसान की कोई खबर नहीं है। प्रदेश के कई क्षेत्रों में रात 1.57 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। ये झटका उस समय आया जब लोग गहरी नींद में थे। लोग घरों से बाहर निकल आए। वहीं, घरों की खिड़कियों को भी हिलता हुआ महसूस किया गया। नेशनल सेंटर ऑफ सिस्मोलाजी के अनुसार, भूकंप का केंद्र नेपाल में था। इसके अलावा रुद्रप्रयाग जिले में भी भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया। जानकारी के अनुसार, ऊखीमठ,जखोली, अगस्त्यमुनि विकास खंड में 1 बजकर (शेष पृष्ठ सात पर)

## दहशत में छत से कूदी युवती, घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मंगलवार देर रात भूकंप के झटके रूद्रपुर में भी महसूस किये गये। शहर की विभिन्न कालोनियों में रह रहे तमाम लोग भूकंप के झटके महसूस करने के बाद घरों से बाहर निकल आये। वहीं इंदिरा आदर्श कालोनी में एक युवती दहशत के चलते छत से कूद गयी। पता चला है कि 20 वर्षीय अनीता घर में परिवार के साथ सो रही थी। भूकंप के झटके लगने के दौरान अचानक उसकी आंख खुली तो वह बालकनी में आ गयी और दहशत के चलते छत से कूद गयी। जिससे उसके दोनों पैर फैक्चर हो गये। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# लापता युवती जम्मू कश्मीर से बरामद

## हाईकोर्ट के निर्देश पर हुई कार्रवाई, युवक हिरासत में

■ **मनोज श्रीवास्तव**

काशीपुर। आईटीआई थाना क्षेत्र से लगभग चार माह पूर्व बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई युवती को पुलिस टीम ने जम्मू कश्मीर से सकुशल बरामद कर लिया। इसी के साथ पुलिस ने अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े एक युवक को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत होता है। युगल की माने तो उन्होंने कथित तौर पर शादी रचा ली लेकिन काबिले गौर है कि दस्तावेजों मे युवक अभी नाबालिग है। ज्ञातव्य है कि आईटीआई थाना क्षेत्र के श्यामपुरम इलाके से बीते जुलाई माह में घर से मोटेश्वर महादेव मंदिर के लिए निकली 20 वर्षीय काजल नामक युवती बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। तमाम खोजबीन के बाद भी जब उसका कहीं कोई पता नहीं चला तो गायब युवती की मां ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। आईटीआई पुलिस ने इस मामले में गुमशुदगी दर्ज कर ली लेकिन महिला का आरोप है कि कार्यवाही के नाम पर पुलिस लगातार शिथिलता बरतती रही। पुलिस की लापरवाह कार्यशैली देख गायब युवती की मां सुनीता चौहान ने अपने अधिवक्ता श्रीमती सिंधु आकाश के माध्यम से हाई कोर्ट में रिट पिटिशन दाखिल किया। इस मामले में न्यायमूर्ति संजय कुमार की बेंच ने सुनवाई के दौरान 2 नवंबर तक सरकार को कोर्ट में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कोर्ट में जो रिपोर्ट प्रस्तुत की गई उसके मुताबिक विवेचना में गायब युवती की लोकेशन महाराष्ट्र जम्मू-कश्मीर में मिली। न्यायालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पुलिस की दो टीमों को उपरोक्त स्थानों पर भेजने के निर्देश देते हुए सीडीआर एकत्र करने का फरमान जारी कर दिया। कोर्ट के आदेश पर उप निरीक्षक राकेश (शेष पृष्ठ सात पर)

# संदिग्ध हालातों में ई रिक्शा चालक ने जहर खाकर दी जान

काशीपुर(उद संवाददाता)। ई रिक्शा चलाने वाले एक व्यक्ति ने बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त गटक लिया। हालत गंभीर होने पर उसे गिरीताल रोड स्थित



एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला पक्काकोट निवासी 50 वर्षीय देवेंद्र कुमार पुत्र अंगन लाल ई रिक्शा चालक था। पता चला है कि गत मंगलवार की शाम अज्ञात कारणों के चलते उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत गंभीर होने पर उसे तत्काल गिरीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां रात्रि लगभग 1 बजे जीवन मृत्यु से संघर्ष करते हुए रिक्शा चालक ने दम तोड़ दिया। मृतक के दो पुत्र हैं। दोनों अविवाहित है। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में नींम सन्नाटा पसरा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को परिजनों के हवाले कर दिया।

# बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में दो युवक घायल

सुल्तानपुर पट्टी(उद संवाददाता)। नगर पंचायत क्षेत्र के ग्राम जगन्नाथपुर में देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो लोग गंभीर रूप से घायल



हुए जिन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में एक की हालत नाजुक बनी है। पता चला है कि बाजपुर के ग्राम महेशपुरा निवासी सनी नामक युवक सुल्तानपुर पट्टी के ग्राम जगन्नाथपुर में चाय पत्ती की फैक्ट्री में काम करता है। बताते हैं कि गत मंगलवार देर शाम सनी रोजाना की भांति बाइक पर सवार होकर ड्यूटी खत्म करने के बाद (शेष पृष्ठ सात पर)

# दंगल में फायरिंग करने का आरोपी पिस्टल सहित गिरफ्तार

सुल्तानपुर पट्टी। कर्बला मैदान में दंगल के दौरान हुई फायरिंग की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जरूरी जानकारी जुटाने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। दंगल का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास ने किया था जबकि समापन तहसीलदार और सीओ ने किया। समापन के दिन ही बवाल के बीच फायरिंग की घटना



हुई थी। ज्ञातव्य है कि बीते दिनों नगर पंचायत क्षेत्र के कर्बला मैदान में कैबिनेट मंत्री चंदन रामदास ने तीन दिवसीय दंगल का उद्घाटन किया।(शेष पृष्ठ सात पर)

# क्रीड़ा भवन का रेखा आर्या ने किया शिलान्यास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश की युवा कल्याण, खेल, महिला सशक्तिकरण मंत्री श्रीमति रेखा आर्या ने खेल विभागान्तर्गत जनपद ऊधम सिंह नगर के रूद्रपुर में 3088.11 लाख की लागत से बनने वाले क्रीड़ा बहुउद्देशीय भवन के



निर्माण कार्य का भूमि पूजन व शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होने कहा कि इस क्रीड़ा बहुउद्देशीय भवन में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया जायेगा, जिसमें बच्चे अभ्यास कर खेल के क्षेत्र में नये-नये कीर्तिमान स्थापित कर अपने लिये सुनहरा भविष्य बनायेंगे। उन्होने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना लागू की जिसके अन्तर्गत पूरे प्रदेश में लगभग 5 हजार बच्चों को इस योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होने कहा कि आज का समय पढ़ाई के साथ-2 खेल का भी है, यदि किसी बच्चे के भीतर किसी खेल के प्रति जज्बा, पसंद है तो वह उस खेल में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर के भी अपना सुनहरा भविष्य बना सकते है। उन्होने कहा कि खेल भी मान-सम्मान, प्रतिष्ठा वह सब कुछ दे सकता है जो एक व्यक्ति का सपना होता है। उन्होने कहा कि हमारी सरकार ने दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए भी सामान्य खिलाड़ियो के समान धनराशि, सुविधा मुहैया कराने का काम किया है। उन्होने कहा कि खेल के क्षेत्र में सरकार लगातार बेहतर कार्य कर रही है, हर खिलाड़ी को वह सारी सुविधा प्रदान की जायेगी जिससे वह अपने ग्राम, ब्लॉक, तहसील, जनपद, प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। उन्होने कहा कि आज इस बहुउद्देशीय भवन का शिलान्यास किया जा रहा है बहुत जल्द इसका लोकार्पण भी किया जायेगा। उन्होने कार्यदायी संस्था को उच्चगुणवत्ता के साथ निर्धारित समय के अन्तर्गत पूर्ण करें। मंत्री ने बताया कि भविष्य में 38वां राष्ट्रीय खेलों का आयोजन इसी बहुउद्देशीय भवन में किया जायेगा। इस अवसर पर निदेशक युवा कल्याण, प्रान्तीय रक्षक दल एवं खेल उत्तराखण्ड जितेन्द्र कुमार सोनकर, उपजिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, सचिव उत्तराखण्ड ओलम्पिक ऐसोसिएशन डीके सिंह, क्रीड़ाधिकारी कुमाऊं विश्वविद्यालय डॉ नागेन्द्र शर्मा, भारत भूषण चुघ, मनोज सरकार, क्रीड़ाधिकारी निर्मला पंत, आदि उपस्थित थे।

# स्मैक तस्कर को पकड़ने गयी पुलिस से भिड़ गई महिलाएं

किच्छा (उद संवाददाता)। स्मैक तस्कर को पकड़ने गयी लालपुर चौकी पुलिस से तस्कर के परिवार की महिलाएं भिड़ गई। महिलाओं ने पुलिस से गाली गलौज कर चौकी प्रभारी का निजी वाहन क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने आरोपी से 22 ग्राम स्मैक बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उसके परिवार की महिलाओं के खिलाफ भी सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। लालपुर में स्मैक की तस्करी की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार के निर्देश पर एसआई राजेंद्र पंत, विजय कुमार, महिला एसआई नीलम मेहरा, महिला कांस्टेबल मंजू आर्या, कांस्टेबल जगमोहन सिंह के साथ लालपुर चौकी प्रभारी सुनील बिष्ट को लेकर मंगलवार शाम लालपुर में दबिश दी। पुलिस को देख वहां स्मैक लेने पहुंचे लोग भाग निकले। पुलिस ने स्मैक बेच रहे युवक को दबोच लिया। युवक ने अपना नाम चरनजीत सिंह उर्फ चन्नी पुत्र गुरदीप सिंह निवासी निकट गुरुद्वारा लालपुर बताया। युवक के पकड़े जाने पर शोर मचाकर परिवार के लोगों को बुला लिया जिस पर उसके परिवार की महिलाएं वहां पहुंच गई। आरोप है महिलाओं ने पुलिस के साथ अभद्रता करते हुए गाली गलौज की। एक महिला ने ईंट मार कर लालपुर चौकी प्रभारी सुनील बिष्ट के निजी वाहन यूके 03 बी 8088 को भी क्षतिग्रस्त कर पकड़े गए आरोपित चरनजीत सिंह को ले जाने से रोकने का प्रयास किया। पुलिस आवश्यक बल प्रयोग कर आरोपित चरनजीत सिंह को लेकर लालपुर चौकी आ गई। पुलिस ने तस्कर की तालाशी में 22 ग्राम स्मैक बरामद की। पूछताछ में चरनजीत सिंह ने पुलिस को बताया वह पिछले चार वर्ष से स्मैक बेच रहा है। पुलिस ने चरनजीत सिंह उर्फ चन्नी पुत्र गुरदीप सिंह के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट व कृष्णा कौर पत्नी गुरदीप सिंह, कमलेश कौर पत्नी चरनजीत उर्फ चन्नी, सुनीता पत्नी मलकीत सिंह निवासी निकट गुरुद्वारा लालपुर किच्छा के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जिलाधिकारी ने गरूड़ में किया पुस्तकालय का उद्घाटन

गरुड़(उद संवाददाता)। खोलिया विवेकानंद इंटर कॉलेज गरूड़ में जिलाधिकारी अनुराधा पाल व पुलिस अधीक्षक हिमांशु वर्मा ने पुस्तकालय का रिबन काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर डीएम अनुराधा पाल ने कहा कि बच्चों को पढ़ने की आदत विकसित करनी होगी। विद्यालय में हिमालयन मोंक फाउंडेशन ने पुस्तकालय की स्थापना की है। डीएम अनुराधा पाल, पुलिस अधीक्षक हिमांशु वर्मा व हिमालय मोंक फाउंडेशन के निदेशक प्रदीप पंत ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पूर्व डीएम व एसपी का विद्यालय पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। डीएम व एसपी ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाएं शांत की। बच्चों को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ने की आदत डालनी चाहिए। विषय की किताबों के साथ कोर्स से हटकर भी पुस्तकों का अध्ययन जरूरी है। उन्होंने कहा कि सफलता



का कोई शार्टकर्ट तरीका नहीं होता है। कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ अन्य क्रियाकलापों में भी प्रतिभाग करें। उन्होंने कहा कि खेल-कूद, डांस, पेंटिंग, घूमना- फिरना आदि से मानसिक तनाव दूर होता है व पढ़ने में दोगुनी रूचि बढ़ती है। उन्होंने कहा कि हर कार्य की वैल्यू होती है, कोई काम बड़ा या छोटा नहीं होता है। इसलिए सभी कार्यो की महत्ता को समझें। घर से ही कार्यो की वैल्यू को समझते हुए कार्यो की सराहना करें। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि विद्यार्थियों का बहुआयामी विकास जरूरी है। बच्चों को संबोधित करते हुए एसपी हिमांशु वर्मा ने कहा कि पुस्तकालय पढ़ने के साथ ही सोचने व चिंतन करने का अति महत्वपूर्ण स्थान है। बच्चे अधिक से अधिक पुस्तकालय में बैठने की आदत डालें। उन्होंने कहा लक्ष्य निर्धारित करें व मनोयोग से कड़ी मेहनत करें, लक्ष्य जरूर प्राप्त होगा। प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र जोशी ने सभी अतिथियों का स्वागत व आभार व्यक्त किया। संचालन प्रवक्ता चंद्रशेखर बड़सीला ने किया। इस दौरान एसडीएम राजकुमार पांडे, थानाध्यक्ष केएस बिष्ट, ईओ संजय गड़िया, राजस्व उप निरीक्षक प्रकाश सिंह, तारा आदि मौजूद थे।

# पांच किलो फ्री राशन योजना का शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। पालिकाध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 5 किलो फ्री राशन योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने इस जन कल्याणकारी योजना को लागू करने के लिए केंद्र सरकार का आभार भी व्यक्त किया। पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस द्वारा राशन डीलर कश्मीर लाल गगनेजा के सस्ता गल्ला की दुकान पर पहुंचे जहां उन्होंने दर्जनों लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मिलने



वाले फ्री राशन वितरण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए 3 माह के लिए फ्री राशन वितरित करने की योजना लागू कर एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त भी किया। इस मौके पर वार्ड सभासद सतीश मिड्ढा,सभासद रोहित सुदामा,अनीशा बेगम, राजेंद्र कुमार, निशा,सहित काफी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

# श्याम संकीर्तन में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर स्थित सनातन धर्म मंदिर में चावला परिवार द्वारा श्री श्याम मित्र मण्डल गदरपुर के सहयोग से आयोजित श्री श्याम संकीर्तन में श्रद्धालु पूरी रात भजनों पर झूमने को मजबूर गये। रूद्रपुर के मशहूर भजन गायक अमन सांवरिया ने अपने भजनों की प्रस्तुति देकर सभी को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। विधिवत ज्योति प्रज्वलित करके संकीर्तन का शुभारम्भ किया गया। भजन गायक अमन सांवरिया ने देवा श्री गणेशा,तू खाटू बुलाता रहे, मेरे शीश के दानी का, हारे के सहारे आजा, मन की बता साँवरिया ने भजनों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। संकीर्तन में पहुंचे भजन गायकों के साथ ही अतिथियों को मंच पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रूद्रपुर से पहुंचे बाबा भक्त मंडल के विक्की मुंजाल, भुवनेश अरोरा, शिवम तागरा, संजय ठुकराल आदि को आयोजकों ने



सम्मानित किया। इस अवसर पर गदरपुर मण्डल विजय अनेजा,गोल्डी गाबा, सचिन बत्रा, अंकुश अनेजा, विकी मारवा, गौरव बत्रा, रोहित सुदामा, रजत गाबा, सागर चावला, ध्रुव चावला, रोबिन फुटेला, मनीष फुटेला, यशपाल गुंबर, सेंटी कालड़ा, नितिन मुंजाल, राहुल चंद्रा, मोहित अग्रवाल, गौरव सिंधी, सनी,यश कालड़ा, योगेश छाबड़ा, शोभित गुड़िया, केशव गुंबर, अक्षित, कुणाल ग्रोवर, मोहित काला, संदीप बत्रा, निशांत गुप्ता आदि भी मौजूद थे।

# तहसील से दिनदहाड़े लैपटॉप चोरी

किच्छा(उद संवाददाता)। तहसील में स्थित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी के कार्यालय से दिनदहाड़े लैपटॉप चोरी हो गया जबकि चंद कदम पर ही कोतवाली भी है। चोर के हौसले इतने बुलंद थे कि ठीक कार्यलय के सामने राज्य स्थापना का कार्यक्रम चल रहा था और पुलिस तथा होम गार्ड के सिपाही भी वही मौजूद थे। चोरी हुए लैपटाप मे तमाम विभागीय डाटा भी मौजूद है । लैपटाप चोरी होने की सूचना पर कार्यालय कर्मचारियों ने आनन फानन में शक आधार पर एक चोर के घर भी छानबीन की किंतु चोर नहीं मिला। कार्यालय अधिकारी ने बताया कि वह कुछ देर के लिए कार्यालय से बाहर गए तो लौटने पर देखा तो लैपटाप गायब था।


## कार्यालय नगर पंचायत
## गूलरभोज (ऊधम सिंह नगर)

### की ओर से राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

- घर दुकान प्रतिष्ठान का कूड़ा-कचरा सदैव कूड़ेदान में ही डालें।
- पॉलीथीन, प्लास्टिक थैलियों का प्रयोग न करें।
- कभी भी कहीं भी खुले में शौच न जायें। सार्वजनिक शौचालय का प्रयोग करें।
- नगर पंचायत गूलरभोज द्वारा निर्धारित यूजर चार्ज समय पर जमा करें।
- समस्त व्यवसायिक प्रतिष्ठान समय पर लाईसेन्स बनवायें।



**अनीता दुबे**
अध्यक्ष
नगर पंचायत,गूलरभोज



**आशीष नेगी**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत,गूलरभोज

सभासदः- वार्ड 1 रमेश सागर, वार्ड 2 सतीश कुमार, वार्ड 3 निर्मला देवी, वार्ड 4 नरेश कुमार, वार्ड 5 पूनम आर्या, वार्ड 6 संजीव भटेजा, वार्ड 7 उषा राजभर एवं समस्त कर्मचारीगण नगर पंचायत गूलरभोज


# किरण के परिजनों को पचास हजार की सहायता का ऐलान

देहरादून (उद संवाददाता)।दिल्ली के गढ़वाल भवन में गढ़वाल हितेषी सभा द्वारा आयोजित प्रवासी उत्तराखंडियों की एक बड़ी सभा में किरण नेगी हत्याकांड के दोषियों के रिहा होने पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले पर दुख निराशा और आश्चर्य व्यक्त किया गया वही इस मामले को लेकर सर्वसम्मति से पुनर्विचार याचिका दायर किए जाने का फैसला किया गया। आज की इस महत्वपूर्ण सभा को जिसे उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप दिल्ली हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के महासचिव संजय दर्मोड़ा, आप पार्टी के पर्वतीय सेल के अध्यक्ष अध्यक्ष बृजमोहन उपरेती गढ़वाल सभा के अध्यक्ष अजय बिष्ट सांस्कृतिक सचिव संयोगिता ध्यानी सोशल एक्टिविस्ट प्रेमा धोनी ,चारु तिवारी पत्रकार सुनील नेगी कांग्रेस नेता लक्ष्मण रावत, ईश्वर रावत भाजपा के नेता विनोद बछेती समेत अनेक सांस्कृतिक और सामाजिक संगठनों के नेताओं और पदाधिकारियों ने संबोधित किया मैं कांग्रेस उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने जिस मुकदमे को लड़ने के लिए तत्काल 50000 की सहायता दिए जाने का ऐलान किया माही अधिवक्ता संजय धर्मोड़ा को इस लड़ाई को लड़ने के लिए लीगल सहायता सेल का संयोजक चुना गया। धीरेंद्र प्रताप के एक प्रस्ताव पर एक सर्वदलीय सर्वपक्षीय समिति बनाने का भी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हुआ। इस बैठक में इसमें डेढ़ सौ से ज्यादा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया दिल्ली के तमाम इलाकों में इस कांड को लेकर जनजागृति पैदा करने हेतु जन जागरण गोष्ठियों जागृति मार्च निकालने का फैसला किया गया।धीरेंद्र प्रताप ने कहा सभी वक्ताओं ने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का सम्मान किया परंतु साथ ही यह भी कहा कि जब किसी अपराधी ने किरण नेगी को मारा ही नहीं है तो वह खून से लथपथ खेतों में कैसे मिली जिसका किसी के पास कोई जवाब नहीं था।तमाम उत्तराखंडी भारी आक्रोश में थे और उन्होंने इस फैसले पर पुनर्विचार याचिका दायर किए जाने पर आम सहमति व्यक्त की। धीरेंद्र प्रताप ने कहा इस मुकदमे को लड़ने के लिए बड़े से बड़े क्राइम अधिवक्ता को यदि लड़ाई लड़ने के लिए आमंत्रित करना पड़ा उत्तराखंडी से पीछे नहीं हटेंगे।

# कार्बेट टाइगर रिजर्व में महिला पर बाघ ने किया हमला, पिंजरा लगाया

रानीखेत। कार्बेट नेशनल पार्क (सीटीआर) से लगे मरचूला क्षेत्र में बाघ ने महिला पर हमला कर दिया। घटना तब हुई जब वह गांव से करीब एक किमी दूर खेत से घास एकत्र कर रही थी। चीखपुकार सुन ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने से महिला की जान बच गई। महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। उसे गंभीर स्थिति में रामनगर ले जाया गया है। इधर बाघों के बढते हमलों से गुस्साए ग्रामीणों ने करीब तीन घंटे तक चक्काजाम किया। एसडीएम सल्ट गौरव पांडे व डीएफओ कालागढ नीरज कुमार के आश्वासन पर लोग बमुश्किल शांत हुए। ब्लाक के सांकर गांव निवासी बालम सिंह की पत्नी कमला देवी मंगलवार को गांव से कुछ दूर सीटीआर में कालागढ वन प्रभाग स्थित मंदाल रेंज के जामरिया खेत में सुखाने रखी घास लाने गई थी। तभी बाघ ने हमला कर दिया। उधर से गुजर रहे जामरिया निवासी दिनेश चंद्र सुयाल की नजर उस तरफ पड़ी तो वह घबरा गया। हालांकि साहस जुटा कर उसने हो हल्ला किया। मदद के लिए पास ही गांव के लोगों को आवाज लगाई। शोर सुन महिला के स्वजन व गांव वाले मौके पर पहुंचे। भीड देख बाघ महिला को लहूलुहान हालत में छोड़ जंगल की




ओर निकल गया। स्थानीय चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद कमला देवी को रामनगर ले जाया गया, जहां से उसे काशीपुर रेफर कर दिया गया। कार्बेट टाइगर रिजर्व व कालागढ़ से लगे कूपी गांव में बाघ ने इसी साल बीते मार्च में 59 वर्षीय गुड्डी देवी को मार डाला था। इधर करीब चार किमी के दायरे में दूसरी घटना से गुस्साए ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया। आक्रोशित लोगों ने रानीखेत रामनगर राजमार्ग पर जाम लगा दिया। उनका कहना था कि यदि बाघ हिंसक होते जा रहे हैं। आबादी क्षेत्र में घुसपैठ के बावजूद सीटीआर प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। उधर माहौल गरमाने पर एसडीएम सल्ट गौरव पांडे के साथ ही डीएफओ कालागढ़ नीरज कुमार, एसडीओ हरीश नेगी, तहसीलदार निशा रानी पहुंची। ग्रामीणों को समझाया। डीएफओ नीरज ने भरोसा दिलाया कि बाघ को कैद करने के लिए पिजड़े लगाए जा रहे हैं। कैमरे भी लगाए जाएंगे। स्कूली बच्चों व ग्रामीणों की सुरक्षा को गश्त बढ़ाई जाएगी। विभागीय टीम मौके पर डेरा डालेगी। एसडीएम ने यह भी कहा कि महिला का उपचार पहली प्राथमिकता है। सरकारी नियमावली के तहत मुआवजा दिलाया जाएगा।

# श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय में मनाया राज्य स्थापना दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियो द्वारा श्उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवसश मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डा. सुगंधा भारद्वाज ने स्थापना दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला और उत्तराखंड राज्य पृथक बनाने के लिए क्रांतिकारियों के बलिदान को भी बताया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. सतविंदर कौर ने स्वयंसेवियो को नैतिक शिक्षा देते हुए कहा कि श्हर स्वयंसेवी को अपने जीवन को अनुशासित करते हुए सामाजिक कार्य करने चाहिए। छात्राओं ने



ष्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओष पर जन–जागरण रैली निकाली साथ ही महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाकर श्रमदान दिया। इस दौरान मनीषा, रश्मि, सुमन, मान्य, काजल, ज्योति, सोनिया, खुशबू आदि छात्राएं व शिक्षिकायें डा. ज्योति, डा.शिल्पा, डा. चंपा, डा. नीमा, रजनी, डा. श्वेता, डा. रेखा, डा. नेहा, डा. नीतू, नेहा, नीतू, डा. सत्यवती, नेहा आदि उपस्थित थी।







# जैन स्कूल में बच्चों के दांतों की हुई जांच

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जैन ग्लोबल स्कूल में दो दिवसीय स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें श्री हरिसर अस्पताल से आई डॉक्टर श्रीमती नेहा अरोरा ने कक्षा प्रथम से कक्षा पाँच तक के छात्रों के दाँतों की जाँच की। जिसमें डॉक्टर ने विद्यार्थियों को दाँतों में होने वाली समस्याओं से अवगत कराया तथा उनसे बचाव के उपाए बताए। विद्यार्थियों ने डॉक्टर द्वारा दिए गए परामर्श को ध्यान से सुना तथा दाँतों को साफ और स्वच्छ रखना सीखा। आयोजन के अंतर्गत टूलिप तीन और चार के विद्यार्थियों ने इससे संबंधित क्रियाकलाप किया। आयोजन के दौरान विद्यालय प्रबंधक श्रीमती हर्षिता जैन, श्रीमती अंकिता जैन तथा शाखा प्रबंधक श्रीमती ज्योति छाबड़ा भी उपस्थित रही तथा डॉक्टर श्रीमती नेहा अरोरा का आभार व्यक्त किया।




# ट्रेंचिंग ग्राउंड के आगे सड़क से कूड़ा हटाने के निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक रुद्रपुर और थाना बनभूलपुरा प्रभारी से लिखित में की गई ट्रेन्चिंग ग्राउंड की शिकायत के बाद से नगर निगम द्वारा रोड पर कूड़ा डालना ना सिर्फ बन्द किया गया बल्कि रोड पर कूड़ा डालने वाले चार वाहनो पर कार्यवाही की खानापूर्ति भी की गई। अब 7 नवम्बर को उच्चाधिकारियों का अमला न सिर्फ ट्रेन्चिंग ग्राउंड पहुंचा बल्कि कुमाऊं आयुक्त ने रोड के किनारे के कूड़े को जल्दी ही साफ करने के निर्देश दिये। भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष नफीस अहमद खान ने बताया कि अगर कोई आम नागरिक किसी जुलूस या धरना प्रदर्शन के दौरान गलती से भी अगर राजमार्ग को अवरुद्ध कर दे तो स्थानीय पुलिस अपनी ही तहरीर पर आम नागरिकों के खिलाफ राजमार्ग अवरुद्ध करने का मुकदमा दर्ज कर आन्दोलनों को कुचलती है। लेकिन इस मामले में पहले तो सारे नियम कायदे ताक पर रख कर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रेन्चिंग ग्राउंड बना दिया और फिर ट्रेन्चिंग के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हजारों टन कूड़ा चढ़ा कर राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध किया गया। साथ ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन मूक दर्शक बन किसी बड़ी दुर्घटना घटने का इन्तजार करते रहे। नफीस ने बताया उनकी शिकायत के बाद अधिकारियों को उनका फर्ज याद आया।

# भक्ति महोत्सव कथा स्थल पर धर्म ध्वज स्थापित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हरि शरणम् जन सेवा द्वारा आगामी 13 से 19 नवम्बर को होने जा रहे भक्ति महोत्सव के लिए मंगलवार को कथा स्थल पर धर्म ध्वजा की स्थापना की गई। वाल्मीकि समाज के हजारों लोगों द्वारा धर्म ध्वज यात्रा बड़ी धूमधाम से हल्द्वानी स्टेडियम से बाजे गाजे के साथ प्रारंभ होकर कथा स्थल पर पहुंची। कथा स्थल पर पहुंचने पर संस्था प्रमुख स्वामी रामगोविंद दास भाईजी ने वाल्मीकि समाज का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विनोद दानी व त्रिलोक नगर सुधार समिति के



नेतृत्व में तल्ली व मल्ली बमौरी की महिलाओं ने वाल्मीकि समाज के लोगों का पारंपरिक कुमाऊनी रीति रिवाज से फूल बरसा कर छोलिया नृत्य के साथ स्वागत किया। भोजन वितरण केसरवानी समाज के द्वारा किया गया। इस अवसर रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, पूर्व जिलाअध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, तरुण बंसल, प्रकाश हरबोला, प्रकाश रावत, ललित जोशी, अजय राजौर, अमरदीप चौधरी, राहत मसीह, रामू भारती, आशु वाल्मीकि, सुरेश लाला, पार्षद रवि वाल्मीकि, विनय पाल, अजय पंडालिया, योगेश राजौर आदि वाल्मीकि समाज के हजारों लोग थे।

# प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में कई प्रस्ताव हुए पारित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, उत्तराखंड की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक को बद्रीनाथ में संपन्न हो गई। जिसमें लगभग 150 व्यापारी प्रतिनिधियों ने भागीदारी की। प्रदेश के 14 जिलों के प्रतिनिधि तथा प्रांतीय पदाधिकारियों ने इस महत्वपूर्ण बैठक में सर्वमत से कई प्रस्ताव पारित किए। जिनमे मुख्य रूप से संगठन के संविधान में कई बिंदुओं पर संशोधित प्रतिलिपि तैयार की गई जिसमें चर्चा के बाद संशोधन किए गए और संशोधित प्रति में सभी प्रतिभागी प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर किए गए और संविधान संशोधन को सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिला कार्यकारिणीयों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए उस जिले के प्रभारी एवं प्रांतीय पदाधिकारियों से जिला इकाई का तालमेल बेहतर करने पर जोर दिया गया। वर्तमान प्रदेश कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त हो रहा है अत: सदन में उपस्थित सभी सदस्योंकी सहमति हो तो इस कार्यकाल को आज ही भंग कर नई कार्यकारिणी चुनाव की तैयारी प्रारंभ की जाए। इस पर सदन ने




एकमत होकर वर्तमान प्रदेश कार्यकारिणी भंग करने के पर सहमति जताई। बैठक में उपस्थित मुख्य अतिथि विजय प्रकाश जैन (राष्ट्रीय अध्यक्ष) दिल्ली, किशोर भाई खारावाला (राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष) मुंबई, मुकुंद मिश्रा (वरिष्ठ महामंत्री) कानपुर, ने मरणोपरांत स्वर्गीय यशपाल अग्रवाल, स्वर्गीय अरविंद मंगल, स्वर्गीय उमेश अग्रवाल एवं स्वर्गीय नेमचंद चंदोक को व्यापार शिरोमणि/व्यापार भूषण सम्मान से अलंकृत किया। साथ ही कार्यक्रम अध्यक्ष एवं संगठन के संस्थापक बाबूलाल गुप्ता को व्यापार शिरोमणि सम्मान दिया गया। राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने संगठन के पथ प्रदर्शक को सम्मानित करने व अपने संगठन के वरिष्ठ सहयोगियों को अलंकृत करने के लिए प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की सराहना की।बैठक में जिलाध्यक्ष महेंद्र प्रकाश सेमवाल, वासुदेव कंडारी, अंकुर खन्ना, कबूल सिंह पंवार, राज कुमार भुड्डी, पवन कुमार जोशी, विपिन गुप्ता, कुसुम दिगारी, सत्यभान गर्ग, विवेक अग्रवाल, सुभाष बडौनी, बबलू नेगी, सौरभ भूषण शर्मा, सुरेश गुलाटी सहित 14 जिलाध्यक्ष और प्रदेश मंत्री शांति जीना, एनसी तिवारी, रूपेंद्र नागर, हितेंद्र भसीन, दिगंबर वर्मा, महेश जोशी, हर्ष वर्द्धन पांडे, गड़वाल प्रभारी सुरेश बिस्ट, कुमाऊं प्रभारी अश्विनी छाबड़ा, अनिल खुलासा, राजेश बंसल, सहित प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कुमाउँनी लव सांग 'रास्ता प्यार का' टीजर और पोस्टर रिलीज

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। हर्ष जन्नत प्रोडक्शन एवं टॉक ऑफ द टाऊन म्यूजिक के बैनर तले बने कुमाउँनी सांग श्रास्ता प्यार काश का टीजर और पोस्टर कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं वरिष्ठ समाजसेवी परिमल राय द्वारा ब्रिलिएंट एकेडमी के सभागार में रिलीज किया गया। टीजर को एकेडमी के छात्र–छात्राओं एवं एकेडमी के स्टाफ ने देखा और उसकी प्रशंसा की। गाने के डायरेक्टर नाहिद खान ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी इस गाने का टीजर और पोस्टर रिलीज किया गया है। पूरा गाना आगामी 20 नवम्बर को रिलीज होगा। इस गाने की रिकॉर्डिंग मुंबई बॉलीवुड स्टूडियो में की गई है। कुमाऊंनी गाने को बॉलीवुड अंदाज की तरह गाया गया है। इस गाने को रुद्रपुर के प्रसिद्ध गीतकार शेखर अधिकारी द्वारा लिखा गया है,जबकि इस गाने को बॉलीवुड सिंगर उज्वल सिंह ने अपनी मधुर आवाज दी है। कुमाउँनी गाने का संगीत बॉलीवुड के मशहूर म्यूजिक कम्पोजर मधुमय शर्मा ने दिया है। जिनका संगीत दर्जनों बॉलीवुड फिल्मो में अपनी धूम मचा रहा है। इस गाने को सामिआ लेक सिटी की खूबसूरत लोकेशन पर फिल्माया गया है, इस गाने में मुख्य भूमिका हिमांशु रस्तोगी और मेघा विश्वास ने निभाई है,जबकि सहायक भूमिका में दिवाकर बिष्ट ने निभाई है। गाने का फिल्मांकन युवा उभरते डीओपी



चन्दन गौतम द्वारा किया गया है। जबकि गाने की एडिटिंग और पोस्टर डिजाइन अंसार अहमद द्वारा किया गया है। गाने की स्टोरी हर्ष जन्नत प्रोडक्शन के पार्टनर एवं एक्टर हिमांशु तिवारी द्वारा लिखी गई है। गाने में विशेष सहयोग परिमल राय एवं बलदेव सिंह रंधावा द्वारा दिया गया है। टॉक ऑफ द टाऊन म्यूजिक के प्रोडयूसर संदीप सुखीजा ने बताया कि कुमाउँनी संगीत को अलग अंदाज में पेश किया गया है। ऐसा संगीत सिर्फ बॉलीवुड में ही होता है। हमारा प्रयोग कामयाब रहा तो इससे भी बेहतर करने की कोशिश करेंगे। उम्मीद है लोगो को यह कुमाउँनी लव सांग पसंद आयेगा। रास्ता प्यार का के टीजर और पोस्टर के रिलीज के अवसर पर परिमल राय ने गाने की टीम से जुड़े डायरेक्टर नाहिद खान सहित सभी कलाकारों को सम्मानित किया। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि कला और कलाकारों को प्रोत्साहित करने का यह प्रयास काफी सराहनीय है। इससे नवोदित कलाकारों को एक मंच मिलेगा और वो अपनी प्रतिभा दिखाने बॉलीवुड तक जा सकेंगे। डायरेक्टर नाहिद खान ने जानकारी देते हुए बताया कि ओटीटी प्लेटफार्म के लिये बहुत जल्दी वेब सीरीज की शूटिंग शुरू की जायेगी। फिलहाल इसकी कास्टिंग की जा रही है। जिसमे मुख्य भूमिका में स्थानीय एवं उत्तराखंड के नवोदित कलाकार अपने जलवे बिखेरते नजर आयेंगे। इस गाने के गीतकार शेखर अधिकारी ने कहा कि उत्तराखंड की कुमाउँनी भाषा बहुत मीठी है,गाने की पंक्तियों में प्यार का रस घोला गया है। युवा पीढ़ी को यह बहुत पसंद आयेगा। हर्ष जन्नत प्रोडक्शन की और से डायरेक्टर नाहिद खान एवं गीतकार शेखर अधिकारी ने मुख्य अतिथि परिमल राय को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि परिमल राय,श्रीमती बुलबुल राय, दुर्जन लाल कश्यप, रोहित सिंह, गौतम कुमार, अनुपमा सिंह, शशि प्रभा चौरसिया, पिंकी कन्नोजिया, विमलेश गंगवार, शालिनी कश्यप, उर्मिला देवी,एवं ममता देवी सहित तमाम स्कूल के छात्र छात्राये मौजूद थे।

# तीन सूत्रीय माँगों को लेकर रणनीति बनेगी: सुशील भट्ट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नवम्बर राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर स्वराज हिन्द फौज के संस्थापक एवं केन्द्रीय अध्यक्ष व अन्ना हजारे की राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य रहे राज्य आंदोलनकारी सुशील भट्ट नें प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि जिन सपनों को लेकर राज्य निर्माण की लड़ाई लड़ी गयी, शहीद आंदोलनकारियों के वे सपने आज भी अधूरे हैं। कई वर्षों के लम्बे संघर्ष और बलिदानों के बाद आखिरकार 9 नवंबर सन् 2000 को भारत के सत्ताइसवें राज्य के रूप में उत्तराखंड को अलग राज्य का दर्जा मिला। जिन लोगों ने राज्य आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाई, दिल्ली की रैलियों में भागीदारी की व गिरफ्तारी दी इसके बावजूद वे लोग आज भी चिह्नीकरण से वंचित हैं। तथा कई लोग ऐसे हैं, जिनको राज्य आंदोलन के विषय मे कोई जानकारी तक नहीं है और वे राज्य आंदोलनकारी घोषित हैं, जो कि बहुत दुर्भाग्यपूर्ण विषय है।सुशील भट्ट ने कहा कि जल्द ही स्वराज हिन्द फौज राज्य आंदोलनकारियों को साथ लेकर 3 सूत्रीय माँगों पर सरकार से आर पार की लड़ाई लड़ने की रणनीति तय करेगी, जिसमे राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन कम से कम 10 हजार रुपये प्रतिमाह करने और हल्द्वानी, रामनगर,अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, खटीमा, रानीखेत, गैरसेंण, देहरादून, कोटद्वार, पौड़ी, श्रीनगर, मसूरी,कर्णप्रयाग व टिहरी में कम से कम एक–एक पार्क (जिसमें सभी आंदोलनकारियों के नाम के शिलापट हों ताकि आज की नई पीढ़ी राज्य निर्माण के नायको को पहचान सके) राज्य आंदोलनकारियों के नाम से बनाने व छूटे आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण करने आदि की माँगों को लेकर आंदोलन किया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि, आज राज्य को बचाने के लिये फिर से एक बड़े जन आंदोलन की आवश्यकता है।

उत्तराखण्ड शासन

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

एक ही लक्ष्य - एक ही सपना

सर्वश्रेष्ठ बने उत्तराखण्ड अपना

# राज्य स्थापना दिवस

9 नवम्बर

## की हार्दिक शुभकामनाएं



"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हरसंभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## संकल्प नये उत्तराखण्ड का


- प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप श्री केदारनाथ व श्री बदरीनाथ धाम का पुनर्निर्माण व पुनर्विकास। इस वर्ष रिकार्ड 45 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारधाम के दर्शन किये।
- कुमाऊं के पौराणिक मन्दिरों के लिये मानसखण्ड मन्दिर माला की कार्ययोजना।
- होम स्टे योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती।
- चारधाम ऑल वेदर रोड से राहें हुई आसान। टनकपुर-पिथौरागढ़ भी शामिल।
- केंद्र सरकार से पौंटा साहिब-देहरादून, बनबसा-कंचनपुर, भानियावाला-ऋषिकेश, काठगोदाम-लालकुंआ-हल्द्वानी बाईपास और रुद्रपुर बाईपास परियोजनाओं की महत्वपूर्ण सौगात।
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत प्रदेश के लगभग 9 लाख 38 हजार किसानों के खातों में लगभग 1767 करोड़ की राशि हस्तान्तरित की जा चुकी है।
- किसानों को तीन लाख रुपए और महिला स्वयं सहायता समूहों को बिना ब्याज के पांच लाख रुपए तक का ऋण।
- कोविड काल से दो साल में 600 से अधिक नये उद्योगों की स्थापना, 35 हजार करोड़ से अधिक का निवेश, 90 हजार से अधिक लोगों को मिला रोजगार।
- वोकल फॉर लोकल के लिये एक जनपद दो उत्पाद योजना लागू।
- समान नागरिक संहिता पर बढ़े कदम, समिति द्वारा ड्राफ्ट पर मंथन।

- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर तेजी से कार्य गतिमान, टनकपुर-बागेश्वर और डोईवाला से गंगोत्री-यमुनोत्री रेललाइन के सर्वे पर सहमति।
- पर्वतीय क्षेत्रों में रोप-वे हेतु पर्वतमाला परियोजना, प्रधानमंत्री जी द्वारा गौरीकुण्ड - केदारनाथ और गोविंदघाट - हेमकुण्ड साहिब रोप-वे का शिलान्यास।
- दूरस्थ व सीमांत क्षेत्रों में 1202 मोबाइल टावर की स्वीकृति।
- जल जीवन मिशन के अंतर्गत राज्य के ग्रामीण क्षेत्र के 7 लाख से अधिक परिवारों को पानी के कनेक्शन।
- दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अंतर्गत गांवों का शत प्रतिशत विद्युतिकरण।
- देहरादून में भव्य सैन्य धाम की स्थापना पर तेजी से काम, राज्य के वीरता पदक से सम्मानित सैनिकों को देय एकमुश्त अनुदान में वृद्धि।
- रानीबाग (हल्द्वानी) स्थित एचएमटी की 45.33 एकड़ जमीन केन्द्र से उत्तराखण्ड को हस्तांतरित।

- भ्रष्टाचार पर रोक लगाने हेतु भ्रष्टाचार मुक्त एप-1064, सभी शिकायतों पर गम्भीरता से एक्शन।
- उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन, वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांगजन पेंशन की राशि में वृद्धि। आंगनबाड़ी और आशा बहनों के मानदेय में बढ़ोतरी।
- स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा में राज्य में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की शुरुआत।
- मुख्यमंत्री बालाश्रय योजनाः आपदा, महामारी एवं दुर्घटना के कारण अनाथ बच्चों की स्कूली शिक्षा की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा।
- आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना में सभी परिवारों को 5 लाख रुपये वार्षिक तक के निःशुल्क ईलाज की सुविधा।
- ऊधमसिंहनगर में एम्स का सैटेलाईट सेंटर की केंद्र से सहमति।
- राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से 7 हजार पदों पर पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ। जल्द 19 हजार पदों पर भी शुरु की जाएगी भर्ती।
- "मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना" में 08 से 14 वर्ष के उभरते खिलाड़ियों को 1500 रुपये प्रतिमाह की खेल छात्रवृत्ति।

> माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरुप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिए विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड










सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

उत्तरांचल दर्पण

# सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## कूड़े के पहाड़

देश के अधिकांश राज्यों में बढ़ती आबादी के बीच कूड़ा और कचरे के निस्तारण सहित पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिये वहां की राज्य सरकारों द्वारा तकनीकी कार्ययोजना तैयार करने की जरूरत है जबकि सफाई व्यवस्था के लिये व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने के बावजूद लोग जहां घरों का कूड़ा कचरा खुले स्थानों पर फेकने से बाज नहीं आ रहे है। चुनावों के दौरान राजनीतिक दल कुछ ऐसे मुद्दे तलाशते हैं, जिनके जरिए लोगों का ध्यान आकर्षित कर वोट बटोरा जा सके। जो सत्ता में होता है, उसकी कमियां गिनाना विपक्ष के लिए आसान होता है और उसके पास मुद्दे भी कई होते हैं। मगर सत्तापक्ष को विपक्ष की कमजोरियों पर अंगुली रखने के लिए उसी के दांव से पटखनी देने की जुगत भिड़ानी पड़ती है। यानी एक तरह से दोनों सत्ता में भी हैं और विपक्ष में भी। चूंकि इन दिनों मीडिया की सुर्खियों में देश की राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के नगर निगम का होना है, इसलिए आम आदमी पार्टी ने प्रमुख मुद्दा कूड़े के निस्तारा के कामकाज को बनाया है। चुनाव प्रचार की शुरुआत ही आप के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कूड़े के पहाड़ पर पहुंचकर की है। अब उनकी पार्टी कूड़े के मसले पर जनसंवाद करने जा रही है। दिल्ली में वर्षों से कूड़े के पहाड़ खड़े हैं, एकाध की ऊंचाई तो कुतुब मीनार से भी अधिक बताई जाती है। मगर विचित्र है कि वे इस बार के नगर निगम चुनाव में मुद्दा बन रहे हैं। आम आदमी पार्टी के मुद्दे में सुई चुभोने के लिए भाजपा ने यमुना की गंदगी और पर्यावरण प्रदूषण को मुद्दा बना लिया है। एक कचरे के पहाड़ की बात करता है, तो दूसरा हवा में फैली गंदगी का सवाल उठा देता है। ये सारे मुद्दे आज के नहीं हैं। यह भी सब जानते हैं कि बेशक दिल्ली में इन समस्याओं के समाधान की जिम्मेदारी अलग-अलग महकमों की है, पर सच्चाई यह भी है कि इनका समाधान केवल एक के वश की बात नहीं है। मगर यहां दोनों पार्टियां साल भर बस एक दूसरे के काम में टांग अड़ाने में लगी रहती हैं।एक दूसरे के सिर ठीकरा फोड़ कर अपना कर्तव्य पूरा मान लेती रही हैं। बल्कि कई बार तो लगता है कि वे इस कोशिश में रहती हैं कि कैसे दूसरे के हिस्से की समस्या बढ़े और वे उस पर दोषारोपण कर जनता में वाहवाही लूट सकें। जब केंद्र, राज्य और स्थानीय निकायों के कामकाज राजनीतिक नफे-नुकसान नजर से किए जाने लगते हैं, तो समस्याओं के पहाड़ इसी तरह सिर उठाते हैं। फिर राजनीतिक दल भ्रम के पहाड़ खड़ा कर लोगों को भरमाने की कोशिश करते देखे जाते हैं। ये बातें किसी भी दल से छिपी नहीं हैं कि चाहे वह कचरे के निस्तारण में नाकामी हो, हवा में घुलते-बढ़ते जहरीले रसायनों का स्तर हो या फिर यमुना के पानी में गिरते विषैले नाले, इनका दुष्प्रभाव आखिरकार आम लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। इन कचरे के पहाड़ों के कई किलोमीटर के दायरे में बसी बस्तियों में रहने वालों को हर वक्त कितने तरह के विषाणुओं का प्रकोप सहना पड़ता है, जहरीली हवा में सांस लेना किस कदर लोगों को मुश्किल हो चुका है, यमुना का विषैला पानी कैसे लोगों के जीवन पर दुष्प्रभाव डाल रहा है इस दुष्परिणाम किसी से छिपी नहीं हैं।

# कुमाऊं-गढ़वाल की सीमा पर बने एम्स

## जल्द रेल मार्ग निर्माण के लिये सरकार को लेनी होगी सुध: शिव सिंह

बागेश्वर(उद संवाददाता)। उतराखण्ड क्रांति दल सैनिक मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवसिंह रावत के नेतृत्व में जन जागृति यात्रानिकाली जा रही हैं। भराड़ीसैंण-गैरसैंण प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित होने के साथ ही रामनगर-चौखुटिया-गैरसैंण रेल लाइन निर्माण की मांग फिर जोर पकड़ने लगी है। रविवार से शुरू हुई जनजागृति रैली बागेश्वर पहुँची।उक्रांद सैनिक मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष शिव सिंह रावत के नेतृत्व में निकली रैली में पहाड़ में बनने वाले एम्स को बागेश्वर-अल्मोड़ा जिले की सीमा के समीप बनाए जाने, पहाड़ के विकास के लिए 2030 तकबागेश्वर में रेल यातायात चलाने को लेकर डुगडुगी बजाकर लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि उक्रांद दल जन जागृति यात्रा रामनगर- मछोड, भतरौजखान, रानीखेत, बागेश्वर, गरूड़, सोमेश्वर, द्वाराहाट, चौखुटिया, गैरसैंण में 9 नवम्बर यात्रा का समापन किया जायेगा। उन्होंने



कहा जनता वर्षो से रेल लाइन की मांग उठा रही है, लेकिन रेल लाइन का निर्माण रामनगर-चौखुटिया-गैरसैंण रेल लाइन के बनने से उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण राज्य के मैदानी क्षेत्रों से जुड़ जाएगा तथा जनता को यातायात का भरपूर लाभ मिल सकेगा। सामरिक महत्व की दृष्टिकोण से भी रेल लाइन का निर्माण जरूरी है। इससे रामनगर से गैरसैंण की दूरी सड़क मार्ग से लगभग आधे से कम हो जाएगी तथा भविष्य में कर्णप्रयाग तक इसका विस्तार हो जाने से चारधाम यात्रा भी सुगम होगी। कहा गया है कि चौखुटिया से गरुड़ व बागेश्वर को भी रेल मार्ग से जोड़ने में आसानी होगी। उन्होंने कहा रेल लाइन का निर्माण नहीं होने से लोग पलायन करने को मजबूर हैं। पहाड में सुख , सुविधा न होने के कारण लोग पलायन करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा केंद्र सरकार ने गढ़वाल के त्रषिकेश में एम्स बनाया। लेकिन सरकार ने कुमाऊं क्षेत्र के किच्छा में एम्स खोलने की घोषणा की है। लेकिन इससे पहाड़ी क्षेत्रों के ग्रामीणों को सुख,सुविधा से वंचित रहना पड़ेगा। उन्होंने अल्मोड़ा जिले के सोमेश्वर, द्वाराहाट, रानीखेत, मघ्य एम्स को खोलने की मांग की।इस दौरान जन जागरूकता अभियान में जगदीश कठायत, रेल संघर्ष समिति अध्यक्ष नीमा दफौटी,भुबन कांडपाल आदि मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट की शिफ्टिंग के विरोध में निकाला जुलूस

नैनीताल। हाई कोर्ट शिफ्टिंग के प्रयासों का विरोध तेज होने लगा है। विभिन्न संगठनों समेत अधिवक्ता शिफ्टिंग के विरोध में सड़क पर उतर आए और सरकार पर पहाड़ी क्षेत्र की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। मंगलवार को अधिवक्ता नितिन कार्की, पूर्व सांसद महेंद्र पाल के नेतृत्व में तमाम अधिवक्ता व विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मल्लीताल श्रीराम सेवक सभा परिसर में एकत्रित हुए। जहां असभा कर हाईकोर्ट शिफ्टिंग का पुरजोर विरोध किया गया। पूर्व सांसद पाल ने कहा कि लोगों का विरोध सिर्फ हाईकोर्ट शिफ्ट करने को लेकर नहीं है, यह मुद्दा सीधे तौर पर पहाड़ी क्षेत्र से हो रहे पलायन से जुड़ा है। पूर्व में भी कई छोटे-बड़े कार्यालय नैनीताल से अन्यत्र स्थानों पर विस्थापित कर दिए गए। अब हाई कोर्ट को शिफ्ट कर सरकार पहाड़ी क्षेत्र की उपेक्षा करना चाहती है। उन्होंने कहा कि जुलूस के



बाद इस विरोध में आंदोलन का रूप ले लिया है। यह महज एक आगाज है, यदि हाई कोर्ट शिफ्ट किया गया तो आगामी दिनों में और अधिक उग्र आंदोलन किया जाएगा। अधिवक्ता नितिन कार्की ने कहा कि यह शहर के अस्तित्व को बचाने की लड़ाई है। जिसके लिए उन्हें किसी भी हद तक जाना पड़ेगा तो पीछे नहीं हटेंगे। जिसके बाद एकत्रित लोगों ने हाथों में बैनर पोस्टर और पंपलेट लिए मल्लीताल बड़ा बाजार, माल रोड होते हुए तल्लीताल तक जुलूस में जमकर नारेबाजी करते हुए तल्लीताल डांठ पर जुलूस का समापन किया। विरोध प्रदर्शन में पालिकाध्यक्ष सचिन नेगी, बार एसोसिएशन पूर्व सचिव जयवर्धन कांडपाल, पालिकाध्यक्ष मुकेश जोशी मंटू व संजय कुमार संजू, मारुति साह, सुमित खन्ना, पूर्व दर्जा मंत्री रमेश पांडे, सैयद नदीम मून, डीके जोशी, अधिवक्ता रमन साह, योगेश पचौलिया, मनोज जोशी, जेके लखेड़ा, राजेंद्र परगाई, पप्पन जोशी, नवीन पंत, मुन्नी तिवारी, भावना भट्ट, कुंदन बिष्ट, मनोज साह जगाती, बबलू कांडपाल, प्रेम कौशल, प्रकाश मौलंकी, भरत भट्ट , पंकज अद्वेती, विवेक वर्मा, पप्पू कर्नाटक, हर्ष छाबड़ा समेत अन्य थे।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद गदरपुर (ऊधम सिंह नगर)

पत्रांक 533 / स्थापना दिवस (2022) दिनांक 07 नवम्बर 2022

## उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस 9 नवम्बर 2022 को 22वीं वर्ष गाँठ के उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद गदरपुर की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं तथा नगर की सम्मानित जनता से निम्न अपेक्षा करती है:-

1. नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें।
2. पालिका करों एवं देयको के अलावा यूजर चार्ज का समय से भुगतान करें।
3. गीला एवं सूखा कूड़ा घर से ही अलग-अलग दें।
4. पालिका सीमान्तर्गत सार्वजनिक मार्गो एवं नालियों पर अतिक्रमण न करें।
5. **प्रतिबन्धित सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें एवं पॉलीथीन/ थर्माकोल से बने उत्पादों का प्रयोग/विक्रय/भण्डारण न करे।**
6. स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में सफलता हेतु नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करे।
7. सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेकना एवं थूकना प्रतिबन्धित / दण्डनीय है।
8. डेंगू एवं मलेरिया से बचाव हेतु घर अथवा अपने आस-पास पानी को जमा न होने दें।
9. पर्यावरण के समर्थन में अपना सहयोग प्रदान करें।

**( जगदीश चन्द्रा )**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
गदरपुर (ऊधम सिंह नगर)

**( गुलाम गौस )**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
गदरपुर (ऊधम सिंह नगर)

एवं

**श्री जुनैद सभासद वार्ड न०1, श्रीमती मंजू सभासद वार्ड न०2, श्री ऋषभ काम्बोज सभासद वार्ड न०3, श्री अमरजीत सिंह सभासद वार्ड न०4, श्री परमजीत सिंह सभासद वार्ड न०5, श्री मनोज गुम्बर सभासद वार्ड न०6, श्री रोहित कुमार सभासद वार्ड न०7, श्री सतीश कुमार सभासद वार्ड न०8, श्रीमती मीनाक्षी सभासद वार्ड न०9, श्रीमती लीना संजीव झाम सभासद वार्ड न०10, श्रीमती विनीता फोगाट सभासद वार्ड न०11, श्री सुरेश खुराना, संदीप बत्रा नामित सभासद एंव समस्त पालिका परिवार।**

# कार्यालय जिला पंचायत ऊधमसिंह नगर

## "समस्त विश्व में भारत का मान बढ़ाएं,प्लास्टिक पर हो पूर्ण प्रतिबन्ध, ऐसी जन चेतना की अलख जगाये"

***राज्य स्थापना दिवस 09 नवम्बर,2022 के शुभ अवसर पर जिला पंचायत ऊधम सिंह नगर की ओर से आप सभी जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं***

**जनपद उधम सिंह नगर के ग्रामीण क्षेत्र के समस्त व्यवसायियों से अनुरोध है कि वे जिला पंचायत के सम्पत्ति एवं विभव 'कर' एवं लाइसेंस का भुगतान यथाशीघ्र इसी वित्तीय वर्ष में जमा करने का कष्ट करें। जिला पंचायत जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों हेतु सदैव तत्पर है।**

**समस्त ग्रामवासियों से अनुरोध है कि वे अपने आस-पास के क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से बनाये रखें, एवं प्लास्टिक / थर्माकोल आदि से बने उत्पादों का प्रयोग न करें।**

**(तेज सिंह)**
अपर मुख्य अधिकारी

**(रेनू गंगवार)**
अध्यक्ष

**एवं**

**समस्त सम्मानित सदस्य जिला पंचायत ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक:-4000/लेखा/2022-23, दिनांक 07.11.2022


## पेज एक का शेष...

**स्कूलों में पढ़ाया जायेगा...**स्टाफ रहे जनरल स्व. बिपिन रावत, केंद्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी, प्रसिद्ध गीतकार स्व. गिरीश चंद्र तिवारी गिर्दा और साहित्यकार स्व. वीरेन डंगवाल को उत्तराखंड गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। पुरस्कार में एक लाख रुपये की सम्मान राशि, प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिह्न प्रदान किया गया। समारोह में उत्कृष्ट कार्यों के लिए पीवीके प्रसाद एडीजी, ददनपाल 40वीं बटालियन पीएसी, करन सिंह नगन्याल, डीआईजी गढ़वाल रेंज,दिलीप सिंह कुंवर एसएसपी देहरादून,सुखबीर सिंह , सेनानायक पीएसी,मुकेश कुमार, एसपी,धीरेंद्र गुंज्याल, एसपी विसिलेंस,दिनेश चंद्र जोशी, एसपी दूरसंचार पीएचक्यू,दया किशन एफएसओ,कुंवर सिंह, लीडिंग फायरमैन को सम्मानित किया गया। साथ ही पांच विभूतियों को उत्तराखंड गौरव सम्मान से नवाजा गया। <u>**रूद्रपुर**-</u>जिला मुख्यालय पर पुलिस लाईन में आयोजित राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ जिले के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर किया उन्होंने राज्य आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले उन्होंने स्टालों का निरीक्षण किया। स्थापना दिवस समारोह में स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। स्कूली छात्राओं ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रमों की शुरूआत की। इस अवसर पर राज्य आंदोलनकारी पूर्व चेयरमैन नसरीन कुरैशी, अनिल चौहान, एसके नैयर, हरीश पनेरु, सुनील चौहान, सावित्री जोशी, देवकी बिष्ट, महेश पंत, बलराज राज आदि को मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य लम्बे संघर्ष के बाद हासिल हुआ है। उन्होंने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार न होती तो उत्तराखण्ड अस्तित्व में नहीं आता। उन्होंने कहा कि भाजपा ने राज्य बनाया और इसे संवारने का काम भी भाजपा सरकार ही कर रही हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड की धामी सरकार राज्य में विकास के नये आयाम स्थापित कर रही हैं। उत्तराखण्ड आज हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा हैं। प्रधानमंत्री मोदी का इस राज्य से विशेष लगाव है। जिसका लाभ उत्तराखण्ड को मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि आने वाला दशक उत्तराखण्ड का होगा। जिसे साकार करने के लिए उत्तरखण्ड सरकार लगातार काम कर रही है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य में औद्योगिक विकास के साथ साथ तीर्थाटन और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनायें चलाई जा रही हैं। पलायन रोकने के लिए सरकार गांव गांव तक योजनाओं को पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य को विकास के शिखर तक ले जाने के लिए सभी को मिलजुलकर काम करना होगा। इस अवस पर मेयर रामपाल सिंह, महिला आयोग की उपाध्यक्ष सायना बानो, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, आवास विकास परिषद अध्यक्ष उपेन्द्र चौधरी, ब्लाक प्रमुख ममता जलहोत्रा,विवेक सक्सेना,प्रीत ग्रोवर, विपिन जल्होत्रा, एसके नैयर के अलावा कमिश्नर दीपक रावत, डीएम युगल किशोर पंत,एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी, सीडीओ विशाल मिश्रा, एसडीएम प्रत्यूष सिंह,पीडी हिमांशु जोशी,डीएसओ तेजबल सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी वजाहत खां, फार्मासिस्ट डीके जोशी, दीपा जोशी आदि मौजूद रहे। संचालन हरीश दनाई ने किया।


**<u>सूचना</u>**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम BALVINDRA KAUR (पुराना नाम) से बदलकर BALVINDER KAUR (नया नाम) कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे BALVINDER KAUR (नया नाम) D/O TAHAL SINGH के नाम से जाना पहचाना जाये।

वर्तमान पता- 134 फुलसुंगी के पास गंगापुर रोड़, आस्था इन्क्लेव, रूद्रपुर, उधमसिंहनगर, 263153

**<u>सूचना</u>**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम RAJVANT SINGH (पुराना नाम) से बदलकर RAJWANT SINGH (नया नाम) कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे RAJWANT SINGH (नया नाम) S/O RUDH SINGH के नाम से जाना पहचाना जाये।

वर्तमान पता-72 पूरनपुर, करनापुर चक, पीलीभीत उत्तर प्रदेश, 262122


**भूकम्प के झटकों से..**57 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के तेज झटकों के कारण लोगों में अफरातफरी का माहौल बन गया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, 9 नवंबर की देर रात करीब 1: 57 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। देर रात 6.3 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप की गहराई जमीन से 10 किमी नीचे थी। वहीं मंगलवार देर रात हल्द्वानी सहित ऊधम सिंह नगर, चंपावत, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, बागेश्वर और नैनीताल में भूकंप के झटके से सहमे लोग गहरी नींद से घबराकर उठे और घरों से बाहर की तरफ भागे। पूरे उत्तराखंड में अफरातफरी का माहौल दिखा। झटका इतना तेज था कि घरों में लगे पंखे और खिड़की के दरवाजे तक हिलने लगे। नैनीताल जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी के अनुसार भूकंप का केंद्र नेपाल के कुलखेती में बताया जा रहा है। भूकंप का असर नेपाल के साथ ही पूरे भारत में बताया जा रहा है। उत्तराखंड से सटे सुदूर पश्चिम नेपाल के डोटी में मंगलवार रात 9:07 बजे भी भूकंप का झटका महसूस किया गया था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.7 रही। भूकंप का प्रभाव नेपाल के करनाली और लुंबिनी जिले में रहा। उधर भूकंप से अल्मोड़ा जिले के द्वाराहाट के भंटी गांव के कुछ मकानों में दरारें पड़ने की खबर है। बुधवार सुबह 6 बजकर 29 मिनट पर फिर से 4.3 रेक्टर का भूकंप आया। जिसका केंद्र धारचूला का सुवा क्षेत्र है। यह क्षेत्र नेपाल सीमा से 26 किमी दूरी पर है। भूकंप से अभी तक जिले में कही नुकसान की सूचना नही है। नेपाल के डोटी जिले में जनहानि बताई जा रही है। रात 1.58 मिनट पर आए भूकंप से नकपाल के दोती जिले में एक घर गिरने से छह लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। नेपाल सेना को भूकंप प्रभावित इलाकों में तलाशी और बचाव अभियान के लिए भेजा गया है।

**लापता युवती..**राय के नेतृत्व में पुलिस टीम जम्मू कश्मीर पहुंची। यहां गायब युवती की लोकेशन ट्रैक करते हुए पुलिस ने उसे सकुशल बरामद कर लिया। कार्यवाही के दौरान यही के एक अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े युवक को भी पुलिस ने हिरासत में लिया जो दस्तावेजों में नाबालिग है। युवती का कहना है कि उसने प्रेमी से शादी रचा ली। लेकिन यह शादी कहां तक मान्य है यह कानून तय करेगा। फिलहाल पुलिस की कड़ी पूछताछ में युवक ने बताया कि सोशल मीडिया पर आपस में करीब आने के बाद उन्होंने यह कदम उठाया। घर से गायब होने के बाद युवती पहले महाराष्ट्र गई उसके बाद उसे जम्मू-कश्मीर ले जाया गया।

**दंगल में फायरिंग ..** इस दंगल में प्रतिभाग करने के लिए उत्तराखंड के अलावा यूपी के तमाम क्षेत्रों से कुश्ती के खिलाड़ियों ने भाग लिया। दंगल को देखने के लिए इलाकाई भीड़ जुटती रही। दंगल के समापन पर अचानक बवाल के बीच फसाद खड़ा हो गया। भारी भीड़ के बीच फायरिंग हुई तो पुलिस के हाथ पांव फूल गए। फायरिंग किया घटना मोबाइल फोन के कैमरे में कैद होने के बाद सोशल मीडिया पर छा गई। लाइव वीडियो वायरल होने के तत्काल बाद हरकत में आई पुलिस ने कैमरे में कैद आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर फायरिंग में प्रयुक्त अवैध तमंचा बरामद कर लिया। सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपी युवक माजिद को गिरफ्तार किया गया है उन्होंने बताया कि आरोपी के पास से एक अवैध पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस के साथ एक कार भी बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया है।

**बाइकों की आमने..**घर की ओर जा रहा था इसी दौरान मार्ग में विपरीत दिशा से चली आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से मोटरसाइकिल की आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसा घटित होते ही मौके पर तमाशबीनों का मजमा लग गया। इस दौरान स्थानीय लोगों की मदद से घायल लोगों को उपचार के लिए तत्काल एक निजी अस्पताल ले जाया गया। घायलों में एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना पुलिस के संज्ञान में है। लेकिन तहरीर के इंतजार में अब तक पुलिस ने इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की।

साहित्य में जो उत्तरी भाग कहलाया!
जनमानस में वह देवभूमि से पहचान बनाया!



देवों की भूमि उत्तराखंड है!
हर हर घर शंभू का नारा लगता घर-घर!
चंदन तिलक से माथे को जो सजाया! वह उत्तराखंड वासी कहलाया!
दिए धूप की रोशनी से जगमगाता उत्तराखंड!
केदारनाथ और बद्रीनाथ जैसे देवों का हाथ इस भूमि पर!
पवित्र गंगा की बहती धारा,
यमुनोत्री गंगोत्री का तीर्थ
स्थल उत्तराखंड हमारा!
विश्व में फूलों की घाटी स
अपनी पहचान बनाया उत्तरांचल!
जिम कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान सर्वप्रथम यहां बनाया!
देव धाम का मिलन यहां पर गर्व का अपना अनुपम स्थान है!
चंदन का टीका पहचान यहां की
सुंदरता से सबका मन भाया
है शीतलता पहाड़ों की !
बहु शीतलता का उद्गम स्थान यहां पर!
कल कल बहते झरने यहां पर
ठंडी ठंडी हवाएं बहती सबके मन को हर हर्ष आती है!
प्राकृतिक सुंदरता से सबके हृदय में एक अनुपम स्थान पाती हैं!
उत्तराखंड की पहचान यही
देव स्थल है शान इसकी!

**-शालिनी शर्मा**
**शिशु भारती इंटर कॉलेज,रुद्रपुर**


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा** **समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# कार्यालय नगर पंचायत दिनेशपुर (ऊधमसिंह नगर)

**नगर पंचायत दिनेशपुर** की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को

**उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

**जनता से अनुरोध व अपेक्षायें-**

1. नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें।
2. पंचायत करों एवं देयकों के साथ ही यूजर चार्ज का समय से भुगतान करें।
3. गीला एवं सूखा कूड़ा घर से ही अलग-अलग दें।
4. नगर पंचायत सीमान्तर्गत सार्वजनिक मार्गों एवं नालियों पर अतिक्रमण न करें।
5. प्रतिबन्धित सामग्री पॉलीथीन तथा थर्माकोल से बने उत्पादों का प्रयोग / विक्रय/भण्डारण न करें।
6. स्वच्छता कार्मिकों के साथ सहयोग करते हुए सुन्दर दिनेशपुर-स्वच्छ दिनेशपुर की परिकल्पना साकार करें।
7. सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकना एवं थूकना प्रतिबन्धित / दण्डनीय है।



**सुश्री सरोज गौतम**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत दिनेशपुर

**श्रीमती सीमा सरकार**
अध्यक्ष
नगर पंचायत दिनेशपुर

**सदस्यगण**

1. श्री सुकुमार सरकार, 2. श्री सुकुमार सरकार, 3. श्री प्रशान्त मालाकार, 4. श्री प्रोजीत मण्डल, 5. श्रीमती सुनीता मिस्त्री, 6. श्रीमती कनुप्रिया शाहा, 7. श्रीमती ब्यूटी शील, 8. श्री सत्यजीत विश्वास, 9. श्री गोविन्द मण्डल, 10. श्री हिमांशु सरकार (नामित सभासद)
एवं समस्त स्टाफ, नगर पंचायत दिनेशपुर (ऊधमसिंह नगर)


## युवती ने लहंगा पसंद नहीं आने पर ठुकरा दिया रिश्ता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर में गजब का मामला सामने आया है। जहां लखनऊ से शादी के लिए मंगाया 10 हजार रुपए का लहंगा होने वाली दुल्हन को पसंद नहीं आया तो उसने शादी ही तोड़ दी। हैरानी की बात यह है कि सगाई के बाद दूल्हे पक्ष ने शादी के कार्ड तक छाप दिए थे। दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे तो हंगामा हो गया। बड़ी मुश्किल से समझौता हो सका।जानकारी के अनुसार शहर निवासी एक युवती की शादी विगत पांच नवंबर को अल्मोड़ा जिले के युवक से होनी थी। विगत जून में दोनों की सगाई हुई। बुधवार को कोतवाली पहुंचे युवक पक्ष के लोगों ने पुलिस को बताया कि सगाई में तय हुआ कि लहंगा युवक पक्ष बनाकर देगा। ऐसे में दूल्हे के पिता ने लखनऊ से दस हजार रुपए कीमत का लहंगा मंगाया। युवती के घर लहंगा पहुंचा तो दुल्हन को लहंगा पसंद नहीं आया। ऐसे में होने वाले ससुर उसे अपना एटीएम कार्ड दे गए और मनपसंद लहंगा मंगाने को कहा। लेकिन वह शादी से मुकर गई। विगत 30 अक्टूबर को दोनों पक्षों में शादी न करने की बात को लेकर समझौता हुआ। युवक के पिता व रिश्तेदारों ने युवती के घर पहुंचकर समझौते के तौर पर एक लाख रुपये दे दिए। इसका वीडियो भी उनके पास है।कुछ दिन बाद दुल्हन पक्ष के लोगों ने फिर शादी की बात छेड़ दी। बुधवार को युवक के परिजन व रिश्तेदार तथा युवती के परिजन कोतवाली पहुंचे। युवती पक्ष युवक को कोतवाली में बुलाने की जिद पर अड़ा था। वहीं युवक पक्ष अब उस युवती से शादी न करने की बात कह रहा था। आरोप है कि युवती ने पहले ही काफी बेइज्जती करा दी है। एसएसआई विजय मेहता का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच शादी न करने पर समझौता हो गया।

## गुरुद्वारा कमेटी ने किया रेखा आर्य को सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने सिख ध र्म के संस्थापक और प्रथम गुरु गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सिंह सभा गोल मार्केट में पहुंचकर श्री गुरुग्रंथ के समक्ष शीश नवाकर आशीर्वाद लिया, साथ ही प्रसाद ग्रहण कर सेवा कार्य किया। मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि सिखों के प्रथम गुरू श्री गुरूनानक देव जी ने छूआछूत, अंधविश्वास और पाखण्ड को दूर कर प्रेम, एकता, समानता तथा आपसी भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने अंध विश्वास एवं सामाजिक बुराईयों के प्रति विरोध करते हुए समाज सुधार का काम किया। प्रकाश पर्व के रूप में मनाए जाने वाला यह अवसर हमें अंधियारे से उजियारे की ओर आगे बढ़ाने का संदेश देता है। उन्होंने इस दौरान सभी प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि हमें इस पावन अवसर पर गुरूनानक देवजी के संदेशों को आत्मसात कर जनकल्याण तथा देश-प्रदेश की उन्नति में भागीदारी निभाने का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान गुरुद्वारा सभा द्वारा रक्तदान का शिविर भी लगाया गया जिसका लाभ संस्था जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क उपलब्ध कराती है। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, विधायक प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर, वरिष्ठ समाजसेवी व भाजपा नेता भारत भूषण चुघ, मोहित कक्कड़, प्रधान गुरुद्वारा प्रबंधक समिति जसपाल भट्टी, संरक्षक सुरमुख सिंह विर्क, सचिव मंजीत सिंह मक्कड़, जिलाध्यक्ष देवभूमि व्यापार मंडल गुरमीत सिंह, पूर्व प्रधान राम सिंह बेदी आदि उपस्थित रहे।





## धूमधाम से मनाया राज्य स्थापना दिवस

किच्छा (उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस यहां तहसील प्रशासन द्वारा उप जिलाधिकारी के निर्देशन मे हर्षोल्लास से मनाया गया। सभी चिंहित आंदोलकारियो का शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।प्रशाान की ओर से उप जिलाधिकारी कोस्तूब मिश्रा, तहसीलदार सुरेश चंद्र बुढलाकोटी ने सर्व प्रथम उत्तराखंड राज्य निर्माण आन्दोलन कारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कोस्तूब मिश्रा ने कहा कि प्रशासन सरकार द्वारा समय समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप आंदोलन कारियो के हितों की रक्षा के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर बोलते हुए वरिष्ठ आन्दोलन कारी जगत सिंह परिहार ने कहा कि उत्तराखंड का निर्माण सबका विकास की सोच के साथ किया गया है। दर्जा राज्य मंत्री गणेश उपाध्याय ने कहा कि राज्य का निर्माण अथक परिश्रम और बलिदान से हुआ है जिसे हमे संभालना है। सुभाष तनेजा ने कहा हमें हिमाचल की तर्ज पर कार्य करना होगा जिससे पलायन रोका जा सके। इस अवसर पर मुख्य रूप से उमेश शर्मा, दिनेश पाठक, विजय गुप्ता, हरीश पाठक, कैलाश चंद्र बिस्टेनीया, अमरीक सिंह, सुरेश पपनेजा, किशन गंगवार, राजू कश्यप, विनोद जोशी, ललित कठायत, हरीश जोशी , गोविन्द टाकुली,संतोष ,ललिता, मदन मोहन पांडे, शुधा जोशी, रेणुका चौधरी, कानून गो अशोक चौहान, नाजिर नीरज कुमार, अनिल, आदिसहित सैंकड़ो लोग उपस्थित थे।

